# वेयरहाउसिंग व लाजिस्टिक्स क्षेत्रों में निवेश करने वाली फर्मों को मिलेंगे वित्तीय प्रोत्साहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : वेयरहाउसिंग और लाजिस्टिक्स के क्षेत्रों में निवेश करने वाली दो फर्मों को वित्तीय प्रोत्साहन मिलेंगे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लाजिस्टिक नीति-2018 के संबंध में गठित प्राधिकार समिति ने दोनों फर्म को लेटर आफ कंफर्ट जारी करने का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया है।

प्राधिकार समिति की बैठक में छह परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मेसर्स जोली वेयरहाउसिंग तथा मेसर्स वीआरवाई लाजिस्टिक्स पार्क एलएलपी को वेयरहाउसिंग इकाई स्थापित करने के लिए लेटर आफ कंफर्ट जारी करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई। मेसर्स जोली वेयरहाउसिंग द्वारा लखनऊ की सरोजनीनगर तहसील के ग्राम नीवा में 57,024.19 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में वेयर हाउसिंग इकाई स्थापित करने के लिए 67.52 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।


